हरिभूमि विंध्य भूमि

जबलपुर, शनिवार 25 अक्टूबर 2025

login : www.haribhoomi.com

सतना | छतरपुर | रीवा | सिंगरौली | पन्ना



# चित्रकूट में धार्मिक स्थल को शर्मसार करने वाली घटना गुप्त गोदावरी में 'अवैध वसूली' को लेकर खूनी संघर्ष

### कैमरे में कैद हुई मार-पीट!, प्रशासन मौन

**सतना।** जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुप्त गोदावरी एक बार फिर शर्मसार हुआ है। इस बार आस्था के इस केंद्र पर श्रद्धालुओं से की जा रही अवैध वसूली की 'लूट' को लेकर दो गुटों के बीच जमकर विवाद हुआ और बात लाठी-डंडों से खूनी संघर्ष तक पहुँच गई। तीर्थस्थल के परिसर में हुई यह हिंसक झड़प वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है,जिसने धार्मिक नगरी की छवि पर गहरा दाग लगा दिया है।

### 'शॉर्टकट' के नाम पर लूट का धंधा

जानकारी के अनुसार,गुप्त गोदावरी में लंबे समय से एक ऐसा संगठित गिरोह सक्रिय है जो यहाँ दर्शन के लिए आने वाले भोले-भाले श्रद्धालुओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनमानी वसूली करता है। तीर्थस्थल के नियमों को ताक पर रखकर यह गिरोह श्रद्धालुओं को कतार में लगने से बचाने और जल्दी दर्शन कराने का झाँसा देता है।इसके एवज में 100 रुपए प्रति व्यक्ति की अवैध उगाही की जाती है और उन्हें तथाकथित 'शॉर्टकट' रास्ते से गुफा के अंदर तक पहुँचाया जाता है। यहीं पर उनका काम खत्म नहीं होता। गुफा के अंदर बैठे पुजारियों से पूजा-पाठ कराने के नाम पर ये लोग श्रद्धालुओं से अतिरिक्त धन की वसूली भी करवाते हैं,जो एक प्रकार से धार्मिक स्थल पर खुलेआम लूट का धंधा है।



### 'वसूली' के हिस्सेदारी पर विवाद,हुई मारपीट

बताया गया कि सोनू पाण्डेय,सचिन पाण्डेय और सुरेन्द्र यादव का एक समूह श्रद्धालुओं को इसी तरह वैकल्पिक रास्ते से ऊपर ले जा रहा था। इसी दौरान,दूसरे समूह के त्यागी पटेल ने भी अपने तरीके से श्रद्धालुओं को दूसरे रास्ते से गुफा की ओर ले जाना शुरू कर दिया। अवैध वसूली के इस 'धंधे' में हिस्सेदारी और वर्चस्व को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते,मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों गुट एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से टूट पड़े। इस मारपीट से तीर्थस्थल के परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

### आस्था के केंद्र पर अराजकता

गुप्त गोदावरी में दिन-दहाड़े हुई इस मारपीट की घटना ने वहाँ के अराजक माहौल को बेनकाब कर दिया है। यह स्पष्ट करता है कि तीर्थस्थल पर प्रशासन और स्थानीय निकाय का नियंत्रण पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों गुटों को शांत कराया,लेकिन यह घटना इस बात की तरफ इशारा करती है कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के नाम पर किस तरह एक अवैध वसूली का नेक्सस यहाँ फल-फूल रहा है।

### पुलिस-प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

आश्चर्य की बात यह है कि इतना बड़ा विवाद और हिंसा होने के बावजूद किसी भी पक्ष ने अभी तक पुलिस या नगर परिषद में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। पुलिस द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है,जिसके चलते अभी तक कोई अपराध पंजीबद्ध नहीं हो सका है। पुलिस-प्रशासन की यह चुप्पी और उदासीनता तीर्थस्थल पर चल रही इस अवैध गतिविधियों को मूक समर्थन देने जैसा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस स्थान को लोग आस्था और शांति की खोज में आते हैं,वहाँ उन्हें वसूली और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक स्थलों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की पोल खोल दी है,जिस पर तत्काल कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### विधायक ने सुनी पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याएँ और किया तत्काल निराकरण



**मैहर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देश पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी द्वारा प्रत्येक शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय मैहर में उपस्थित रहकर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की जाती है,उनकी समस्याओं को सुना जाता है और संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत करके तत्काल निराकरण किया जाता है। आज भी बैठक लेकर विधायक द्वारा आए हुए पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निकारण किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री शिवदयाल प्रजापति, जिलामंत्री उत्तम पटेल,विश्वनाथ चौरसिया ,कार्यालय मंत्री संजय पाण्डेय, जिला मंत्री जितेंद्र शुक्ला, आदित्य नारायण शुक्ला,संतोष पाण्डेय,पारस नाथ तिवारी,ताला मंडल अध्यक्ष सुमित गुप्ता,मंडल महामंत्री मनीष चतुर्वेदी,दिलीप पटेल सहित भारतीय जनता पार्टी के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### गल्ला मंडी में हर्षोल्लास से मनाया गया भाई दूज पर्व

**सतना।** गल्ला मंडी परिसर में गल्ला तिलहन व्यापारी संघ द्वारा गुरुवार को भाई दूज का पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री गणेश एवं मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा-अर्चना से हुई। पूजा उपरांत परंपरागत डाक नीलामी का कार्य दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुआ। गल्ला तिलहन व्यापारी संघ के सभी सदस्यों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे के वातावरण में इस पावन अवसर को मनाया। तुलावटी हम्माल भाइयों एवं मजदूर भाइयों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष शुक्रदास गुरु,मंत्री अजय बंसल,बिहारी अग्रवाल,राजेश अग्रवाल,राजेश असरानी, बालकिशन अग्रवाल,राजकुमार गुप्ता,प्रकाश अग्रवाल, मुन्नालाल गुप्ता, अशोक गिलानी, दयालदास गुरु,गोपेश अग्रवाल सहित अनेक व्यापारी साथी उपस्थित रहे। इस अवसर पर संघ के पूर्व अध्यक्ष अशोक गुप्ता एवं ऋषि गुप्ता भी शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन की जानकारी संघ के वरिष्ठ मंत्री राजकुमार अग्रवाल द्वारा दी गई।

## डामर प्लांट के प्रदूषण से ग्रामीण परेशान; प्रशासन की खामोशी पर उठे सवाल



**मैहर।** मैहर जिले में प्रदूषण एक गंभीर समस्या बनी हुई है,चाहे वह सड़कों से हो,अवैध क्रेशरों के चलने से हो या फिर डामर प्लांट से।स्थानीय जनता मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का ध्यान आकर्षित करते हुए,लोगों की जान से खिलवाड़ करने वाले उद्योगों का निरीक्षण कर प्रदूषण पर अंकुश लगाने की मांग कर रही है। स्थानीय जनता द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि प्रदूषण की कहानी अब केवल लापरवाही नहीं,बल्कि प्रशासनिक सांठगांठ का प्रतीक बन चुकी है। बताया जा रहा है कि मैहर के नादन,बढिया,बरहिया,अमिलिया आदि स्थानों में व्यापक पैमाने पर अवैध पत्थर की खदानें चल रही हैं,जिसके चलते ऐसा डस्ट का धुंध उड़ता है कि ग्रामीणों के घरों एवं पेड़ों तक में डस्ट जमा हो गया है। इस प्रदूषण के कारण लोग टीबी,दमा एवं आँख के मरीज बन गए हैं। इसी प्रकार रामनगर के ठेकेदार का संचालित दक्षिणा इंफ्रा डामर प्लांट पर कार्रवाई करने से प्रशासन लगातार बचता नजर आ रहा है। यह सवाल उठता है कि क्या कानून केवल आम जनता के लिए है,क्योंकि यह प्लांट सरे आम लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहा है,मगर संबंधित विभाग आँख मूँदे बैठा हुआ है। जिले में चल रहे अवैध क्रेशरों,खदानों एवं फैक्ट्रियों से निकल रहे घातक धुएँ से लोगों को कई गंभीर बीमारियों का शिकार बनना पड़ रहा है। डामर प्लांट लंबे समय से बिना विभागीय अनुमति के संचालित हो रहा था और अब भी यह स्पष्ट नहीं है कि इसके पास वैध अनुमति है या नहीं। फिर भी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का क्षेत्रीय कार्यालय सतना पूरी तरह मौन है। जनता पूछ रही है कि जब ये अधिकारी सरकार से वेतन लेते हैं,और सरकार जनता से बनती है,तो जनता के स्वास्थ्य और पर्यावरण से क्यों खिलवाड़ किया जा रहा है। प्रदूषण का दानव मैहर में प्रशासनिक लापरवाही की छाया में पल रहा है,और सतना क्षेत्रीय कार्यालय की साख सांठगांठ की कहानियों में तब्दील हो चुकी है। मैहर के बरहिया रेउसा मोड़ पर स्थित दक्षिणा इंफ्रा डामर प्लांट के पास अनुमति है या नहीं,यह तो जाँच का विषय है। मां शारदा की पवित्र नगरी अब सवाल कर रही है कि क्या शासन और प्रशासन प्रदूषण में सहभागिता निभा रहा है।

## चित्रकूट कोषागार घोटालाः मृत पेंशनरों के नाम पर करोड़ों का गबन, वरिष्ठ अधिकारी जांच के घेरे में; ऑडिट पर भी सवाल

**सतना।** उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले में सामने आए कोषागार घोटाले की जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ रही है,चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं। यह मामला अब सिर्फ वित्तीय अनियमितता तक सीमित नहीं रहा,बल्कि इसमें मृत पेंशनरों के नाम पर करोड़ों रुपये की हेराफेरी का सनसनीखेज तथ्य सामने आया है। इस बड़े गबन में वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका और ऑडिट प्रणाली की गंभीर खामियों पर सवाल उठने लगे हैं,जिसने पूरे प्रशासनिक तंत्र को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

### गबन का दायरा बढ़ाः 43 करोड़ 13 लाख रुपये की पुष्टि

अब तक की जांच में करीब 43 करोड़ 13 लाख रुपये के सरकारी धन के गबन की आधिकारिक पुष्टि हो चुकी है। यह बड़ी राशि कुल 93 खातों के माध्यम से जारी की गई, जिसमें से चौंकाने वाला तथ्य यह है कि सिर्फ तीन खातों से ही लगभग 10 करोड़ रुपये की मोटी रकम की निकासी दर्ज है। इस हाई-प्रोफाइल मामले में अब तक चार कोषागार कर्मियों सहित 97 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा चुकी है,जो इस नेटवर्क के व्यापक फैलाव को दर्शाता है।

### मृत पेंशनरों के नाम पर फर्जीवाड़ा

जांच में जो सबसे गंभीर पहलू सामने आया है,वह है मृत पेंशनरों के नाम पर सरकारी धन का भुगतान। घोटालेबाजों ने एक संगठित नेटवर्क के तहत,मृत हो चुके पेंशनरों का फर्जी सत्यापन कराकर उनकी पेंशन और अन्य भुगतान लगातार जारी करवाए। इस फर्जीवाड़े से निकाली गई करोड़ों की रकम सीधे निजी खातों में ट्रांसफर की गई। यह कृत्य न केवल वित्तीय अपराध है,बल्कि मानवीय संवेदनाओं को ताक पर रखकर किया गया एक घिनौना अपराध भी है।

### संदिग्ध मौत के बाद तेज हुई जांच

इस प्रकरण में आरोपित रहे सहायक लेखाकार संदीप कुमार श्रीवास्तव की पूछताछ के लिए बुलाए जाने पर तबीयत बिगड़ने और बाद में इलाज के दौरान दम तोड़ने की घटना ने जांच को और तेज कर दिया है। इस घटना ने कई अनसुलझे सवाल खड़े कर दिए हैं,जिसके बाद जांच अधिकारियों ने बिना किसी देरी के मामले की परतें खोलना शुरू कर दिया।

### वरिष्ठ अधिकारी जांच के घेरे मेंः मिलीभगत का संदेह

जांच अधिकारी का स्पष्ट कहना है कि यह घोटाला केवल मौजूदा चार कर्मचारियों तक सीमित नहीं है। कोषागार के भीतर और बाहर के लोगों की मिलीभगत से सक्रिय रहा यह नेटवर्क वर्षों तक सरकारी धन को निजी खातों में भेजता रहा। अब जांच की आंच सीधे घोटाले की अवधि में तैनात रहे वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचने वाली है,जिनसे जल्द ही गहन पूछताछ की जाएगी। यह संदेह गहराता जा रहा है कि उच्च स्तर पर संरक्षण या जानबूझकर की गई लापरवाही के बिना इतने बड़े गबन को इतने लंबे समय तक अंजाम देना संभव नहीं था।

### ऑडिट प्रणाली पर गंभीर सवालः 11 वर्षों तक क्यों नहीं पकड़ी गई गड़बड़ी?

इस पूरे मामले में सबसे बड़ी लापरवाही ऑडिट प्रणाली की उजागर हुई है। वर्ष 2014 से 2025 के बीच, एजी ऑफिस की ऑडिट टीमें लगातार चित्रकूट कोषागार का निरीक्षण करती रहीं,लेकिन करोड़ों रुपये की यह गंभीर गड़बड़ी कभी पकड़ में नहीं आई। इससे ऑडिट टीमों की कार्यप्रणाली,उनकी ईमानदारी और जवाबदेही पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है।अधिकारी अब यह मान रहे हैं कि जो तथ्य सामने आए हैं,वह केवल सतह का हिस्सा हैं,और वास्तविक धन प्रवाह इससे कहीं अधिक होने की आशंका है। जांच टीमें अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि गड़बड़ी की शुरुआत 2018 से हुई या यह इससे भी पहले से चली आ रही थी।

### जांच के अहम और संवेदनशील बिंदु

जांच की दिशा अब उन वरिष्ठ कोषाधिकारियों की कार्यप्रणाली पर केंद्रित हो गई है,जिनकी लापरवाही अब जांच का केंद्र बन गई है।

### मूल से कई गुना अधिक राशि का भुगतानः

जब मूल पेंशन राशि से कई गुना अधिक धनराशि पेंशनरों के खातों में भेजी जा रही थी,तो सक्षम अधिकारियों ने इस पर पूछताछ क्यों नहीं की?

### ग्राहक वेरिफिकेशन में लापरवाहीः

ग्राहक वेरिफिकेशन में की गई यह घोर लापरवाही अब वरिष्ठ अधिकारियों के कार्य व्यवहार की जांच का केंद्र बन गई है।हस्ताक्षर और मंजूरी की भूमिकाः जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि वरिष्ठ अफसरों ने किस अभिलेख को देखकर अतिरिक्त पेंशन राशि वाले दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। उनके ये हस्ताक्षर अब जांच के अहम सबूत बनेंगे।

### फर्जी अभिलेख या बिना जांच के मंजूरीः

जांच का सबसे संवेदनशील बिंदु यह है कि क्या उनके सामने प्रस्तुत अभिलेख पूरी तरह फर्जी थे, या उन्होंने बिना उचित जांच किए ही इन पर अपनी मंजूरी दे दी। यह मामला अब चित्रकूट कोषागार से जुड़े हर व्यक्ति की जवाबदेही तय करने की मांग कर रहा है।

## तीन लोगों ने एक साथ लिया देहदान का संकल्प

### अमर ज्योति परिवार की प्रेरणा से कलेक्टर कार्यालय में भरा संकल्प पत्र

**सतना। अमर ज्योति नेत्रदान-देहदान संस्था की प्रेरणा से शुक्रवार को एक प्रेरणादायी उदाहरण सामने आया,जब एडवोकेट सुंदरलाल कुशवाहा ने अपनी पत्नी श्रीमती संपत कुशवाहा और श्रीमती सुनीता कुशवाहा के साथ एक साथ देहदान का संकल्प लिया। यह संकल्प कलेक्टर सतीश कुमार एस की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय में भरा गया।**

एडवोकेट सुंदरलाल कुशवाहा ने कहा कि “अमर ज्योति परिवार के पदाधिकारियों की प्रेरणा से मुझे भी यह अनुभूति हुई कि मरने के बाद जलने से बेहतर है कि मैं किसी के काम आऊँ। मिट्टी में मिलने से अच्छा है कि मेरी देह उन मेडिकल छात्रों के लिए उपयोगी बने जो देश का भविष्य हैं। इस मिट्टी ने मुझे जो दिया,अब मैं उसे देश को समर्पित करना चाहता हूँ।”

कलेक्टर सतीश कुमार एस ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि “आज समाज में ऐसी संस्थाओं के माध्यम से देहदान का यह उदाहरण अनुकरणीय है,जो दूसरों को भी प्रेरित करेगा।” इस अवसर पर अमर ज्योति परिवार के संयोजक मनोहर डिगवानी,मनोज अरोरा,प्रदीप अरोरा,श्याम लाल गुप्ता, नीलांबर झा,रामप्रताप कुशवाहा,लाला एड.देवेंद्र सिंह कुशवाहा, नारायण प्रसाद कुशवाहा,पिंकी कुशवाहा,सुधा कुशवाहा, प्रिया कुशवाहा,गोरेलाल कुशवाहा, दानू,शुभम, निहाल,आरव और बद्री कुशवाहा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।

## लुढ़ौती में किसानों के लिए धान की सूखी सीधी बुवाई तकनीक का प्रदर्शन




**मैहर।** किसानों को नवीन तकनीकों से जोड़ते हुए किसान क्राफ्ट द्वारा ग्राम लुढ़ौती,मैहर में सूखे सीधे बोए जाने वाले धान (डीएसआर) तकनीक का प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन का मुख्य उद्देश्य किसानों को कम पानी, कम लागत और अधिक उत्पादन वाली आधुनिक कृषि तकनीक की जानकारी देना था। इस अवसर पर उपस्थित टाक हेड सुमन्त होल्ला,सेल्स मैनेजर सौरभ पाटिल,ए ग्रोनामिस्ट शिवाकांत सिंह,मैनेजर किशनजीत सिंह,स्टेट मैनेजर सहित विशेषज्ञों ने बताया कि डीएसआर विधि से धान की खेती में 30 प्रतिशत तक कम पानी की आवश्यकता होती है तथा मेहनत और लागत में भी उल्लेखनीय कमी आती है। पारंपरिक पद्धति में प्रति एकड़ करीब 5,000 लीटर पानी की जरूरत होती है,वहीं डीएसआर तकनीक अपनाने पर यह घटकर 2,000-2,500 लीटर तक रह जाती है। इसके अलावा रोपाई की आवश्यकता नहीं पड़ने से बीज,श्रम और समय की भी बचत होती है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बताया कि डीएसआर तकनीक मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने,खरपतवार नियंत्रण एवं कीट-रोगों में कमी लाने में सहायक है। इससे उत्पादन 50 प्रतिशत तक बढ़ने की संभावना रहती है। यही नहीं नर्सरी की आवश्यकता नहीं होती है,बीज की मात्रा में लगभग 10 किलो प्रति एकड़ की कमी के साथ मशीन के उपयोग में आसानी होती है। अधिकारियों व तकनीकी टीम ने किसानों को इस तकनीक के पर्यावरण अनुकूल होने के लाभ भी बताए,क्योंकि इससे मीथेन उत्सर्जन कम होता है,जो जलवायु संरक्षण में मददगार है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित राजेन्द्र पटेल,दिनेश पटेल सहित कई किसानों द्वारा धान एवं बुवाई संबंधित कई प्रश्न पूंछे गए,जिसका जवाब अधिकारियों द्वारा जवाब देकर निराकरण किया गया। प्रदर्शनी में शामिल हुए किसानों ने तकनीक को अपनाने में गहरी रुचि दिखाई। अंत में कंपनी के प्रतिनिधियों ने कहा कि किसानक्राफ्ट भविष्य में भी किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शहर की 'बेलगाम' ट्रैफिक व्यवस्था पर एसपी ने लिया संज्ञान, स्टेशन रोड में डीएसपी और टीआई के साथ किया निरीक्षण

**सतना।** शहर की बेलगाम और बदहाल ट्रैफिक व्यवस्था पर पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने आखिरकार संज्ञान ले लिया है। आम जनता की बढ़ती परेशानियों और आए दिन लगने वाले जाम की शिकायतों के बाद,एसपी हंसराज सिंह ने ट्रैफिक डीएसपी संजय खरे और टीआई पंकज शुक्ला के साथ स्टेशन रोड में यातायात व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जमीनी हकीकत को समझा और सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सतना शहर में यातायात व्यवस्था की स्थिति बेहद गंभीर है। आलम यह है कि शहर की हर प्रमुख सड़क और चौराहे पर थोड़ी-थोड़ी देर में जाम लग जाता है,जिसमें बड़ी संख्या में वाहन फंस जाते हैं। इस जाम की वजह से न केवल लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है,बल्कि उनका कीमती समय बर्बाद होता है और महंगा डीजल-पेट्रोल भी व्यर्थ जलता है। शहर में सबसे ज्यादा खराब स्थिति वाले इलाकों में सिमरिया चौराहा,बस स्टैंड, रीवा रोड (महेश्वरी स्वीट्स के सामने),सर्किट हाउस चौराहा और कोठी मोड़ शामिल हैं, जहां यातायात की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। इसके अलावा,स्टेशन रोड में भी बेलगाम यातायात लोगों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। स्टेशन रोड पर जाम लगने के कारण कई बार लोगों की ट्रेनें तक छूट जाती हैं। खास तौर पर शाम के समय जाम लगने की वजह से रेवांचल एक्सप्रेस जैसी महत्वपूर्ण ट्रेनों को पकड़ने में यात्रियों को काफी दिक्कत होती है। जय स्तंभ चौक और शहर के भीतरी बाजार क्षेत्रों में भी यातायात व्यवस्था की स्थिति चिंतनीय है। जगह-जगह अव्यवस्था फैली हुई है। यातायात व्यवस्था ठीक नहीं होने और पुलिस की प्रभावी मौजूदगी नहीं होने के कारण आम जनता को रोजाना इन समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है। एसपी हंसराज सिंह द्वारा किए गए इस निरीक्षण से यह उम्मीद जगी है कि अब शहर की यातायात व्यवस्था में जल्द ही कोई ठोस सुधार देखने को मिल सकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जाम वाले प्रमुख स्थानों पर प्रभावी पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए और यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए ताकि शहर वासियों को सुगम और सुरक्षित आवागमन मिल सके। यह निरीक्षण इस बात का संकेत है कि पुलिस प्रशासन अब इस गंभीर समस्या के प्रति गंभीर हो चुका है।



## खबर संक्षेप

### पन्ना नेचर कैम्प का आयोजन 2 नवम्बर से

**पन्ना।** पन्ना टाईगर रिजर्व द्वारा इस वर्ष भी पन्ना नेचर कैम्प का आयोजन आगामी 2 नवम्बर से 22 फरवरी तक प्रत्येक रविवार को किया जाएगा। टाईगर रिजर्व पन्ना एवं विश्व प्राकृति निधि भारत के संयुक्त तत्वाधान में पर्यावरण जागरूकता अभियान के क्रियान्वयन के उद्देश्य से पन्ना नेचर कैम्प 2025-26 आयोजित किया जा रहा है। इसमें पन्ना के विशिष्ट पर्यावरणविद प्रशिक्षक के रूप में भाग लेंगे। अच्छे नागरिक के साथ पर्यावरणविद बनने के इच्छुकजन पार्क कार्यालय से कार्यालयीन समय में आवेदन पत्र प्राप्त कर जमा कर सकते हैं। नवम्बर माह में 9, 16, 23 एवं 30 नवम्बर, दिसम्बर माह में 7, 14, 21 एवं 28 दिसम्बर, जनवरी माह में 4, 11, 18 एवं 25 जनवरी तथा फरवरी माह में 1, 8, 15 एवं 22 फरवरी को पन्ना नेचर कैम्प आयोजित होगा। विद्यार्थियों के लिए 200 रूपए एवं अन्य व्यक्तियों के लिए 400 रूपए सदस्यता शुल्क निर्धारित है। इस संबंध में अधिक जानकारी व पंजीयन के लिए कार्यालय क्षेत्र संचालक, पन्ना टाईगर रिजर्व अथवा दूरभाष क्रमांक 07732-252135 पर संपर्क किया जा सकता है। प्रत्येक कैम्प में प्रत्येक वर्ग के लिए मात्र 15 स्थान उपलब्ध हैं। प्रतिभागियों का पंजीयन पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। 2 नवम्बर को वन्यजीव संरक्षण सप्ताह के विजेता प्रतिभागियों का निःशुल्क कैम्प आयोजित किया जाएगा।

### शासन के आदेशों का नहीं हुआ शक्ति से पालन, जन चर्चा में बना विषय

**अमानगंज।** मध्य प्रदेश राज्य शासन कहीं भी कोई आदेश जारी करती है तो आदेश का शक्ति से प्रभाव होता है और उसके पालन में शक्ति से उसके अधिकारी और कर्मचारी पीछे लगकर शासन का आदेश प्रभावी कराते ऐसा शासन के डीएम और भारतीय संविधान की व्यवस्था के अंतर्गत बताया जाता है परंतु पन्ना जिला में यह व्यवस्था पूरी तरह से मजबूत अच्छी नहीं जा रही है पन्ना जिले की अमानगंज तहसील क्षेत्र के ग्राम महेवा की बात सामने आई है यहां फरियादी का कहना है कि शासन के आदेश क्रमांक 140 141 और 142 , 143 आ 68 2024 -25 दिनांक 19,9,2025 के अंतर्गत अतिक्रमण कारीयो को तत्काल हटाकर जमीन से मुक्त कर शासन के नियमों का पालन जनहित में किया जाए जो शासन की इच्छा है राजस्थानी ग्राम वासियों के साथ हरियाणवी ने उक्त पत्र स्थानीय तहसीलदार को पु ना अपनी ओर से जारी किया है।

# कानून व्यवस्था का पालन कराये जाने में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

जिले में पुलिस विभाग में जहां अपराधों के घटित होने के बाद जिस तरह से एक या दो मामले चर्चा में तो बन ही गये वहीं पुलिस के लिये भी आम जनता की सोच क्यों बदल रही है यह भी चिंताजनक हालात को लेकर माना जा रहा है, बीते कुछ समय अजयगढ़ में थाना का घेराव वहीं अब बृजपुर थाना की घटना जो पुलिस के ऊपर स्वयं ही हिंसा को लेकर देखा गया जिसमें पुलिस के ऊपर पथराव तथा जान लेवा हमला वहीं रायफलों का छीना जाना आखिर हमारे जिले में इस तरह के हालात को लेकर समाज व पुलिस दोनों को लेकर दृष्टि (सोच) चिंताजनक

**पन्ना।**






जिले में जिस तरह से एक दो घटनाओं ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिये है जहां पुलिस हमारे लिये सुरक्षा का दायित्व हर समय निभाती है हमारे त्यौहार भी इनकी ड्यिूटी से ही सुखमय हालात को लकर मनाये जाते है इतना ही नहीं परीक्षा हो या सड़ में चलना या हमारे छोटे-मोटे कार्यक्रम फिर भी पुलिस हमारे सहयोग में अपने दायित्व निभाती है वहीं अपराधी जब कोई अपरराध घटित कर देता है पुलिस के ऊपर अपराधी की पड़ताल करने की देरी में या फिर अपराधी को धरे जाने के समय जिस तरह के आरोप लगने लगे अब पुलिस को ही जहां हिंसा का षिकार बनाया जाने लगा आखिरकार यह सोच हमारे समाज की कहां ले जायेगी वहीं पुलिस को भी वैधानिक तरीके से संवेदनषीलता के साथ कानून का पालन कराये जाने को लेकर दूर दृष्टि सोच के साथ कार्य करने की जरूरत को नकारा नहीं जा सकता एक ही व्यक्ति की चूक से या वर्दी के रौब के चलते कहीं न कहीं समूचे पुलिस विभाग को किस हालात में पहुंचा दिया जाता है यह इसका जीता जागता उदाहरण जिले में बृजपुर थाना की घटना से सामने आया है। आखिर हमारे जिले की ही पुलिस दूसरे राज्यों से अपराधियों को खोजकर पकड़कर लाती है तथा कानून का पालन कराये जाने में सफलता कई बार साबित हो चुकी है आखिर हमारे ही जिले में बृजपुर थाना जहां से पुलिस की सोच समूचे जिले में एक बेहतर तस्वीर साबित कर चुकी है इस थाने में जहां बुजुर्गों का सम्मान व युवाओं का भविष्य संवारने को लेकर पुलिस की सोच गांव-गांव में साबित हो चुकी है वहीं आज उसी थाने में थाना प्रभारी व पुलिस बल के साथ जो बर्ताव सामने आया आखिर सोच किस तरह से कितनी जल्दी बदल जाती है इस पर पुलिस विभाग तथा हमारी समाज दोनों को लेकर कहीं न कहीं आत्म मंथन करने की जरूरत को नकारा नहीं जा सकता जिस तरह से ये घटनायें सामने आई वहीं राजनेताओं को भी अपनी छवि जनता के सामने बनाये जाने को लेकर अपनी कार्यप्रणाली में भी विचार करना लाजमी है। अजयगढ़ की घटना जो थाना घेराव को लेकर जिस तरह से की गई थी वहीं आज समूचे जिले में पुलिस को लेकर संवेदनषीलता कर्तव्यों के प्रति निर्वाहन के लिये भी तत्परता तथा दूरदृष्टि साथ ही वर्दी का खयाल रखके कार्य करने की जरूरत मानी जा रही है। क्योंकि जिस तरह से हमारे जिले में पुलिस की कार्यप्रणाली समाज के प्रति कोरोना काल से एक बेहतर छवि को लेकर जानी जा रही है उसे बनाये रखने को लेकर अपराधियों में खौफ पर आम जनता में पुलिस का भरोसा वहीं पुलिस हमारी मित्र है हमारी सुरक्षा को लेकर हर समय दायित्व निभाती है सड़क में चलना हो तो हमें नियमों का पालन कराये जाने को लेकर जागरूक करती है वहीं हमारे त्यौहारों में भी स्वयं त्यौहार न मनाकर हमें खुषियां प्रदान करने के लिये हमारी पुलिस अपना कर्तव्य निभाती है हमारी समाज से पुलिस भी आती है सब मिलकर अपराध को रोकने को लेकर कहीं न कहीं अपनी दृष्टि व सोच के साथ आगे दायित्व निभायें। जिस तरह से हालात इन दो घटनाओं को लेकर सामने है उससे कहीं न कहीं पुलिस की कार्यप्रणाली में संवेदनषीलता कर्तव्यों के प्रति खयाल रखते हुये वहीं समाज की सोच में भी पुलिस के प्रति भरोसा बनाये रखने को लेकर जरूरी।

# 26 अक्टूबर को अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ में विश्वविख्यात रामकथाकार मुरारी बापू की श्रीराम कथा






**पन्ना।**

विंध्याचल पर्वत माला के मध्य पवित्र टिहरी नदी के तट पर स्थित महर्षि अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ अब संपूर्ण देशभर के श्रद्धालुओं के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र बन चुका है। ऐसा माना जाता है कि यही वह पवित्र स्थल है जहाँ प्रभु श्रीराम ने वनवास काल में महर्षि अगस्त्य मुनि से भेंट कर रावण वध का संकल्प लिया था। आश्रम परिसर में प्राचीन मंदिरों, तपोस्थल और अगस्त्य मुनि से जुड़ी अनेक स्मृतियों के कारण यह क्षेत्र आज भी भक्तों को अद्भुत शांति और अलौकिक अनुभूति प्रदान करता है। पर्यटन विभाग द्वारा हाल ही में किए गए सौंदर्यीकरण, नदी रपटा और पहुंच मार्ग निर्माण के कारण यहाँ श्रद्धालुओं का निरंतर आगमन बना रहता है।26 अक्टूबर को इसी अगस्त्य आश्रम सिद्धनाथ में विश्वविख्यात रामकथाकार मुरारी बापू द्वारा एक दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है।कथा स्थल के रूप में पावन टिहरी (टिर्री) नदी के तट पर भव्य मंच और विशाल वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया गया है। मंदिर परिसर के पीछे श्रद्धालुओं के ठहरने और भंडारे की विशेष व्यवस्था की गई है। टिहरी नदी के किनारे वाहनों की पार्किंग की सुविधा भी सुनिश्चित की गई है।कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा और उत्साह देखा जा रहा है। मुरारी बापू द्वारा यह कथा भगवान श्रीराम वनवास पथ के प्रमुख स्थानों पर प्रवचन श्रृंखला के रूप में आयोजित की जा रही है। आयोजन के उपरांत सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारे में प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है।

# अरण्य भवन पवई में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन

### एक सैकड़ा से अधिक वनकर्मियों ने करवाई निशुल्क जांच

### जे.के. सीमेंट के द्वारा किया गया आयोजन



**पवई।बीते दिनों दक्षिण वन मंडल पन्ना में जिले की एकमात्र औद्योगिक इकाई जे के सीमेंट प्लांट पुरैना के द्वारा एक अनोखी पहल की गई। इस पहल के तहत बनकर्मियों एवं अधिकारी कर्मचारियों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। जिसमें सभी प्रकार की जांच निशुल्क की गई एवं आवश्यक परामर्श भी दिए गए थे।**

इसी कड़ी में शुक्रवार को पवई के अरण्य भवन में जिला वन मंडल अधिकारी दक्षिण वन पन्ना के तत्वाधान में जे के सीमेंट के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें एक सैकड़ा से अधिक अधिकारी एवं वन कर्मचारियों के द्वारा इस निशुल्क शिविर का लाभ उठाया और शुगर,ब्लड प्रेशर, ईसीजी, थायराइड एवं अन्य तरह की जांच निशुल्क कराई। इस दौरान आए हुए विशेषज्ञों द्वारा वन कर्मियों को स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सुझाव एवं परामर्श भी दिए गए। इस अवसर पर वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने क्या कुछ कहा सुनते हैं।

# महिला कांग्रेस कमेटी पन्ना की बैठक संपन्न, सदस्यता अभियान पर जोर

**पन्ना।**

महिला कांग्रेस कमेटी पन्ना की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक का आयोजन महिला जिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती जीराबाई पटेल की अध्यक्षता में किया गया। इस बैठक में श्रीमती रेखा भदौरिया, प्रभारी महिला कांग्रेस जिला पन्ना एवं प्रदेश महासचिव महिला कांग्रेस मध्य प्रदेश, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि श्रीमती भदौरिया ने सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने महिला जिला कांग्रेस कमेटी को ज्यादा से ज्यादा सदस्यता अभियान चलाने के निर्देश दिए और इस पर विशेष जोर दिया। इस दौरान, जिला प्रभारी ने कार्यकर्ताओं की समस्याएं भी सुनीं और उनके निराकरण के लिए प्रयास किया। बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनीश खान ने जिला प्रभारी श्रीमती रेखा भदौरिया का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। बैठक में मुख्य रूप से श्रीमती जीरा बाई पटेल, श्रीमती रमा बुंदेला, श्रीमती वसुंधरा राजे, श्रीमती आस्था तिवारी, श्रीमती रहीम खातून, श्रीमती चांदनी जाटव, श्रीमती उर्मिला त्रिपाठी, श्रीमती सूरी रैकवार, श्रीमती आरती प्रजापति, श्रीमती माया प्रजापति, श्रीमती सुनीता प्रजापति, श्रीमती सरोज चतुर्वेदी, श्रीमती देवकी प्रजापति, श्रीमती विद्यारानी, श्रीमती शांति अहिरवार, श्रीमती रानी अहिरवार सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं। इनके अलावा, वरिष्ठ नेता रामकिशोर मिश्रा, शिवजीत सिंह भईया राजा, मार्तंड देव बुंदेला, रेहान खान, वैभव थापक, अक्षय तिवारी, स्वतंत्र अवस्थी, अंकित शर्मा, कदीर खान, सौरभ पटेरिया, कमल सिंह राजपूत, अशोक अहिरवार, अमित शर्मा, राजा बाबू पटेल, भूपेंद्र सिंह, अनुज श्रीवास सहित अन्य कांग्रेसजन भी बैठक में उपस्थित रहे।



# उप मुख्यंमत्री ने जिला चिकित्सालय का भ्रमण कर देखी व्यवस्थाएं

**पन्ना।**



उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शुक्रवार को जिला चिकित्सालय पन्ना का भम्रण किया और मरीजों को प्रदत्त सुविधाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जिला अस्पताल में मरीज और परिजनों को सभी सेवाएं समुचित रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मूलभूत सुविधाओं और प्रबंध का अवलोकन भी किया। उप मुख्यमंत्री ने जिला चिकित्सालय के विभिन्न वार्डों में पहुंचकर व्यवस्थाएं देखीं। मरीज और आगंतुकों से चर्चा कर स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान भर्ती मरीजों से संवाद कर हालचाल भी जाना। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता ने उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को अस्पताल की व्यवस्थाओं तथा प्रस्तावित कार्यों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही निर्माणाधीन एवं प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया। उप मुख्यमंत्री ने अस्पताल परिसर के विभिन्न कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रशिक्षित रेडियोलॉजिस्ट की उपलब्धता और पीपीपी मॉडल पर बनने वाले पन्ना मेडिकल कॉलेज सहित निर्धारित मानक अनुरूप दवाईयों के परीक्षण, गुणवत्ता नियंत्रण व वितरण के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इस मौके पर मीडिया प्रतिनिधियों से भेंट कर अस्पताल की व्यवस्थाओं के संबंध में उपयोगी सुझाव व जानकारी भी साझा की। इसके पहले जिला अस्पताल आगमन पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल का जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं अन्य जनप्रतिनिधियों सहित कलेक्टर ऊषा परमार व अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# अमानगंज का तिवारी परिवार हुआ आहत, एकजुट होकर पुलिस थाना में दिया ज्ञापन और किया कार्यवाही की मांग



**अमानगंज**

पन्ना जिले के अमानगंज नगर में गत दिनांक 22 अक्टूबर को वरिष्ठ पत्रकार चंपत राय तिवारी के पुत्र के साथ मारपीट की घटना नगर में घटित हुई। इस विषय का वीडियो सारे जिले में वायरल हुआ। वीडियो में आरोपी द्वारा समूचे तिवारी परिवार को सामूहिक रूप से गाली दी गई। इस विषय से परिवार गंभीर रूप से आहत हुआ और तिवारी परिवार ने आज बड़े हनुमान जी मंदिर में एकजुट होकर इस विषय में निर्णय लिया कि हमारे वंश परिवार को जो सामूहिक रूप से गाली दी गई और परिवार की बेइज्जती की गई। उस पर हम अलग से कार्यवाही चाहेंगे। और पूरे परिवार ने एकजुट होकर पुलिस थाना अमानगंज में एक ज्ञापन सौंपते हुए कहा गया है कि आरोपी रोहित शर्मा और ठोकिया शर्मा के विरुद्ध तिवारी परिवार ने कार्यवाही की मांग पृथक से की है।

# पदभार ग्रहण न करने वाले बांड चिकित्सकों के विरूद्ध करें कार्रवाई- उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

### टेलीमेडिसिन सुविधा का हो बेहतर उपयोग

**पन्ना।** उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि जिला अस्पताल सहित प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टॉफ नियमित रूप से समय पर उपस्थित रहें। आम जनता को बेहतर तरीके से स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समय पर मिले। डिजिटल टेलीमेडिसिन सुविधा का भी विकल्प के तौर पर व्यापक और बेहतर उपयोग सुनिश्चित किया जाए। उप मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को पन्ना प्रवास के दौरान कलेक्टर कार्यालय के सभागार में संपन्न हुई स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि संचालनालय स्तर से नियुक्त बांड चिकित्सकों को अनिवार्य रूप से पदभार ग्रहण करने के संबंध में निर्देशित किया जाए। इसके बावजूद भी अनुपस्थित रहने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही करें। उन्होंने विकासखंड चिकित्सा अधिकारियों से स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वीकृत और रिक्त पदों के संबंध में जानकारी लेकर कहा कि प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र में ओपीडी व्यवस्था को बेहतर बनाया जाए। स्वास्थ्य कार्यक्रमों व गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए निरंतर रूप से भ्रमण करें। सार्थक एप के जरिए उपस्थिति दर्ज कराई जाए। उन्होंने कहा कि आशा कार्यकर्ता और एएनएम स्वास्थ्य योजनाओं का घर-घर संपर्क कर बेहतर क्रियान्वयन सुनिश्चित कराएं। हितग्राहीमूलक योजनाओं की राशि का भी समय पर भुगतान हो। समस्त बीएमओ भ्रमण के माध्यम से मैदानी स्वास्थ्य कर्मचारियों के कार्यों की मॉनिटरिंग कर उपलब्ध संसाधनों का आमजन के हित में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करें। इसके अलावा बीपी, शुगर और फैटी लीवर का शत प्रतिशत परीक्षण हो। मातृ और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए भी सार्थक प्रयास किया जाए।



### सभी गर्भवती माताओं का हो पंजीयन

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि सभी गर्भवती माताओं का शत प्रतिशत पंजीयन एवं सभी आवश्यक जांच भी समय पर सुनिश्चित हो। इससे हाई रिस्क प्रेगनेंसी की समस्या से भी निजात मिलेगी। उन्होंने समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में प्रत्येक माह की 9 और 25 तारीख को आयोजित होने वाले महिला स्वास्थ्य जांच शिविर में महिला चिकित्सकों की ड्यूटी तय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिए। साथ ही शासन के विभिन्न महत्वाकांक्षी अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की। जिला चिकित्सालय में गत कई वर्ष से लंबित निर्माण कार्य को पूर्ण कराने सहित पूर्ण विकास कार्यों का जनप्रतिनिधियों के माध्यम से लोकार्पण कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में पूर्व मंत्री एवं विधायक पन्ना बृजेन्द्र प्रताप सिंह एवं विधायक पवई प्रहलाद लोधी सहित जिलाध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष संतोष यादव, कलेक्टर ऊषा परमार, जिला पंचायत सीईओ उमराव सिंह मरावी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश प्रसाद तिवारी एवं सिविल सर्जन डॉ. आलोक गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

# नगर में लगातार बढ़ता पागलों का आतंक फुटपाती दुकानदारों का सामान ले भागते पागल

### एक महिला से ज्यादा परेशानी, तत्काल इंतजाम की जनता ने उठाई आवाज

**अमानगंज। पन्ना जिले के अमानगंज नगर में इन दिनों पागलों का आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है उनकी संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है यह किसके साथ कब क्या कौन सी घटना कर दें यह कह पाना अब संभव नहीं रहा। 24 घंटे पागल सड़क पर घूमते हैं और निरंतर किसी न किसी घटना घटित करने के इंतजार में हमेशा रहते हैं दिन के समय फुटपाती दुकानदारों के समान को हमेशा लेकर भाग जाते हैं और यदा कदा जमीन का मासिक संतुलन सही नहीं होता तब यह पथराव करने लगते हैं और किसी के ऊपर भी हमला कर उसे चोटल कर देते हैं।**

पागलों की संख्या में दिन प्रतिदिन इजाफा होता जा रहा है कुछ स्थानीय और क्षेत्रीय स्तर के पागल बताये जाते है तो कुछ अन्य राज्यों से भी यहां पागलों को छोड़ जाते हैं एसएमएस स्थानीय जनता में उनके प्रति भारी भय बनता जा रहा है छोटे-छोटे बच्चों में खास कर जो विद्यालय जाते हैं और सड़क पार करके चौराहा से इस पार आते हैं उनके साथ कोई ना कोई घटना दुर्घटना घट ने की संभावना बनी रहती है स्थानीय और स्थिति जनता का जिला प्रशासन से विशेष अनुरोध है कि इस विषय में एक विशेष अभियान चलाते हुए शासकीय वाहनों में इन पागलों को भरकर पागल खाने की और रवाना किया जाए अन्ना था यह कोई बड़ी घटना दुर्घटना घटित कर सकते हैं घटना दुर्घटना घटना उसके पहले ही जिला प्रशासन को कोई ठोस कदम इस ओर उठाना होगा।

# श्रमिकों की आयु गणना के लिए नवीन निर्देश

**पन्ना।** मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना अंतर्गत श्रमिक की आयु गणना के लिए श्रम विभाग द्वारा नवीन निर्देश जारी किए गए हैं। अब आयु गणना के लिए आधार कार्ड के आधार पर शब्द विलोपित किया गया है। आयु के प्रमाण के लिए परीक्षा लेने वाले बोर्ड या विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया प्रमाण पत्र या अंकसूची या उस अंतिम विद्यालय द्वारा, जिसमें उसने अध्ययन किया, जारी किया गया विद्यालय छोड़ने का प्रमाण पत्र मान्य होगा। इसी तरह जन्म तथा मृत्यु के रजिस्ट्रार से प्रमाण पत्र एवं ग्राम पंचायत या मुख्य नगर पालिका अधिकारी से प्रमाण पत्र मान्य होगा। उपरोक्त प्रमाण पत्रों के न होने पर उस चिकित्सा अधिकारी का प्रमाण पत्र, जो शासकीय सेवा में सहायक शल्य चिकित्सक की पद श्रेणी से निम्न पद श्रेणी का न हो, का प्रमाण पत्र मान्य होगा। उक्त चारों दस्तावेजों अथवा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य आयु संबंधी दस्तावेजों के परीक्षण उपरांत गुण-दोष के आधार पर आयु संबंधी निर्णय लिया जाएगा।

खबर संक्षेप

## जिला अस्पताल के बाहर युवाओं ने बनाई हास्य रील, हुई वायरल



**छतरपुर।** जिला अस्पताल के गेट पर मेला फिल्म के रूपा-रूपा गाने पर स्थानीय युवाओं द्वारा बनाई गई एक कॉमेडी रील इस समय सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। आमतौर पर अस्पताल से जुड़ी शिकायतों और विवादों वाली वीडियो चर्चा में रहती हैं, लेकिन इस हास्य रील ने लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी है। बताया गया है कि यह रील मंगलवार को जिला अस्पताल के गेट पर शूट की गई, जहां युवाओं ने रूपा-रूपा गाने पर मजेदार अंदाज में डांस के साथ कॉमेडी का तड़का लगाया। वीडियो में युवाओं का बुंदेली अंदाज सोशल मीडिया यूजर्स को खूब भा रहा है और कमेंट्स में सराहना की बौछार हो रही है।

## ग्राम पंचायत सूरजपुरा में ग्रामवासियों ने शराबबंदी की रखी मांग

**बड़ामलहरा।** जनपद पंचायत बड़ा मलहरा की ग्राम पंचायत सूरजपुरा के ग्रामवासियों ने पंचायत के माध्यम से गांव में बढ़ती अवैध शराब बिक्री और उसके दुष्परिणामों को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में खुलेआम अवैध शराब बेची जा रही है जिससे युवाओं और परिवारों पर नशे का बुरा असर पड़ रहा है।

ग्राम पंचायत सूरजपुरा की सरपंच मंटू आदिवासी ने ग्रामीणों की ओर से यह पत्र तैयार कर अधिकारियों को अवगत कराया है कि गांव में कुछ लोगों द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। इस कारण आए दिन झगड़े,घरेलू विवाद और सामाजिक अशांति जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं।

# मस्जिद में रखे दस्तावेज जलाने वाले मुख्य 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 की तलाश में पुलिस जुटी

**छतरपुर।** जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया में देर रात एक मस्जिद परिसर में रखे दस्तावेजों में आग लगाए जाने की घटना सामने आने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। साथ ही इस आगजनी की घटना में शामिल 2 आरोपियों को पुलिस ने तत्काल उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है और 4 अन्य की तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार रात में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव में उत्पाद मचाने का प्रयास किया और इस दौरान आसमाजिक तत्वों ने घरों एवं वाहनों में तोडफ़ोड की। सुबह जब मस्जिद के इमाम नमाज पढने पहुचे, तो उन्होने मस्जिद में रखे दस्तावेंजो एवं अन्य समान को जला पाया। इमाम ने यह सूचना तत्काल थाना हरपालपुर पुलिस को दी और आगजनी की यह खबर चारों तरफ फैल गई। मामला गंभीर होने के कारण सूचना मिलते ही हरपालपुर थाना पुलिस, नौगांव थाना पुलिस और अलीपुरा थाना पुलिस तथा नौगांव एसडीएम जीएस पटेल तहसीलदार रमेश गौड़ और एसडीओपी अमित मिश्रा सहित कई बरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### एसपी ने बनाई थी 12 टीमें -

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने



पूरे मामले की स्वय निगरानी शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 12 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों मे आगजनी की घटना के दो मुख्य आरोपियों हर्ष पटैरिया और मनोज पटैरिया को उत्तरप्रदेश के महोबा जिले से गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष चार अन्य आरोपियों सत्तू अनुरागी, सुनील राजपुत,उमेश पाल, उन्नू राजपूत की तलाश की जा रही है। और पुलिस टीमें लगातार सुराग लगाकर संबंधित स्थानों पर दबिश दे रही है।

### किन किन धाराओं दर्ज हुआ मामला -

पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने बताया कि घटना अत्यंत गंभीर है इसलिए पुलिस ने इस मामले में बीएनएस की धारा 326 (घ) 196,299,331 (6) 3(5) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। और पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। और बाकी की आरोपियों की तलाश की जा रही है एसपी ने कहा किसी भी व्यक्ति को कानून से ऊपर नही माना जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस की कार्यवाही और प्रशासनिक सतर्कता के चलते इमलिया गांव में स्थिति पुरी तरह शांत है और नियंत्रण में है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि बह अफवाहों पर ध्यान न दे और किसी भी तरह की जानकारी को साझा करने में पुलिस का सहयोग करें।

## साइकिल सवार को बाइक ने मारी टक्कर, युवक की मौत, आक्रोशित परिजनों ने आरोपियों की की पिटाई

**छतरपुर।** सटई रोड स्थित शराब दुकान के पास गुरूवार शाम करीब 7:30 बजे एक बाइक सवार ने साइकिल से जा रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक दिलीप यादव पिता बृन्दावन यादव (35), निवासी श्रीराम कॉलोनी सटई रोड को तत्काल जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

डॉक्टर द्वारा युवक को मृत घोषित करते ही परिजन आक्रोशित हो उठे। उन्होंने आरोप लगाया कि बाइक सवारों की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई है। इसके बाद गुस्साए परिजनों और मौजूद लोगों ने मौके पर ही बाइक सवार तीनों युवकों को



पकड़कर लात-घूंसों और बेल्टों से मारपीट कर दी। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया।

सूचना मिलने पर सिटी कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करते हुए तीनों आरोपित युवकों को पकड़कर सिविल लाइन थाना पुलिस के हवाले कर दिया। शुक्रवार को जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसके बाद परिजनों ने शव को अंतिम संस्कार के लिए अपने सुपुर्द कर लिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## स्कूल आई हेल्थ प्रोग्राम के तहत छात्र छात्राओं का हुआ नेत्र परीक्षण

### छात्र-छात्राओं को निःशुल्क चश्मे एवं दवाइयां वितरित

**महाराजपुर।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सहयोग से महाराजपुर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच निशुल्क की जा रही है। सदगुरु नेत्र चिकित्सालय द्वारा प्रदेश के स्कूलों स्कूल आई हेल्थ प्रोग्राम चलाया जा रहा है जिसका प्रमुख उद्देश्य छात्र-छात्राओं की आंखों में आई कमियां खराबी एवं पठन-पाठन में हो रही असुविधा को दूर करना है। उक्त कार्यक्रम के तहत दिनांक शुक्रवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऊजरा में नेत्र परीक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्था में लगभग 700 से 800 छात्र छात्राएं पंजीकृत हैं जिसमें अनेक छात्र-



छात्राओं ने जांच कराई और आंखों में अनेक प्रकार की कमियां पाई गई। जिन छात्र छात्राओं को देखने में असुविधा हो रही थी उन्हें सद्गुरु संघ ट्रस्ट द्वारा निशुल्क चश्मा प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा जिन छात्राओ की आंखों के लिए दवाइयां की आवश्यकता थी उन्हें निशुल्क दवाइयां प्रदान की गईं। संस्था की प्राचार्य श्रीमती नीलम सिंह ने चित्रकूट से आए डॉ. अखिलेश यादव एवं विवेक शुक्ला का आभार व्यक्त किया।

## पुरापट्टी गांव में शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध



### ग्रामीणों का ऐतिहासिक निर्णय, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**घुवारा।** भगवां थाना क्षेत्र में ग्राम पुरापट्टी के ग्रामीणों ने शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। गांव के हनुमान मंदिर पर एकत्रित ग्रामीणों ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया, ताकि गांव को शराब मुक्त बनाया जा सके। साथ ही यह नियम बनाया गया है कि उल्लंघन करने वाले पर भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ 12 वर्ष का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा

पुरापट्टी के ग्रामीणों ने कहा कि गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वाले पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और 12 वर्ष तक सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मिलकर भगवान थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को को आवेदन सौंपा, जिसमें अवैध शराब बेचने और पीने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि वे अब और सहन नहीं करेंगे और गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए दृढ़ हैं। थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को ने आश्वासन दिया कि शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## सत्यनारायण कथा नहीं सत्य का संकल्प हैः पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

### बागेश्वर महाराज अपने जन्म स्थली पर सुना रहे तीन दिवसीय सत्यनारायण कथा

**छतरपुर।** संतों की तपोभूमि, प्रख्यात तीर्थ स्थल बागेश्वर धाम में पीठाधीश पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपनी जन्मस्थली में तीन दिवसीय श्री सत्यनारायण कथा का पहली बार रसपान करा रहे हैं। महाराज श्री ने पहले दिन कथा रसिकों को बताया कि सत्यनारायण की कथा सत्य का संकल्प है। जो हमेशा सत्य बोलता है उसके कार्य सिद्ध होते हैं। सत्य बोलने वाला हर तरह से मुक्त रहता है।

तीन दिवसीय श्री सत्यनारायण कथा का शुभारंभ बद्रीनाथ धाम से पधारे परम पूज्य बालक योगेश्वर दास महाराज के दीप प्रज्वलन से हुआ। बचपन में बागेश्वर महाराज ने सिद्ध तीर्थ जटाशंकर धाम, खजुराहो के मतंगेश्वर मंदिर के अलावा लोगों के घरों और कुओं में कथा सुनाया करते थे लेकिन आज उन्होंने अपनी उस जन्मस्थली में कथा शुरू की जहां उन्होंने जन्म लिया था। जिस माटी में खेले वहीं आज वे श्री सत्यनारायण की कथा श्रवण करा रहे हैं। सीमित स्थान होने के बावजूद कथा प्रेमी गलियों में भर गए हैं। महाराज श्री के जन्म



स्थल के आसपास की सभी गलियां धर्म प्रेमियों से पटी पड़ी है। महाराज श्री ने कहा कि पूर्व में हर शुभ कार्य के अवसर पर सत्यनारायण की कथा सुनी जाती थी लेकिन आज के दौर में गृह प्रवेश और विवाह के पश्चात इस कथा को सुना जाता है। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण की कथा सिर्फ कथा नहीं है बल्कि सत्य बोलने, सत्य पर चलने और सत्य आधारित कार्य करने का संकल्प है। उन्होंने कहा कि झूठ बोलकर लोगों को तो रिझाया जा सकता है लेकिन जगदीश्वर को नहीं। सत्य बोलने वाले व्यक्ति के मुख से जो भी बात निकलती है वह अपने आप में सिद्ध होती है, क्योंकि जो सत्य के मार्ग पर चलता है उसकी वाणी को ईश्वर सत्य करता है।

### सत्यवादी को मिलते हैं पांच फल

जो सत्य की राह पर चलता है उसे पांच फल अवश्य प्राप्त होते हैं। महाराज श्री कहते हैं कि सत्य बोलने वाले को सुख समृद्धि मिलती है , इतना ही नहीं उसे संतान की प्राप्ति, विजय की प्राप्ति, ईश्वर की प्राप्ति और दरिद्रता से



मुक्ति मिलती है। महाराज श्री कहते हैं कि सत्य बोलने वाला कभी तनाव में नहीं रहता क्योंकि झूठ बोलने वाले को यह ध्यान रखना पड़ता है कि उसने किस व्यक्ति से किस तरह की बात की है। चूंकि सत्य एक होता है इसलिए अगर व्यक्ति हमेशा सत्य बोलेगा तो उसे यह स्मरण करने की कतई आवश्यकता नहीं है कि उसने पहले क्या बोला और अब क्या बोल रहा है।

## खजुराहो में ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त

### भारी वाहनों का प्रतिबंधित क्षेत्र में बेरोकटोक हो रहा प्रवेश

खजुराहो। विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो के प्रमुख मार्ग पश्चिमी मंदिर समूह के नए प्रवेश द्वार से मतंगेश्वर तिराहे तक तथा मतंगेश्वर मंदिर तिराहे से जैन मंदिर मार्ग स्थित सड़कों पर वाहनों की आपाधापी की वजह से आए दिन ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी रहती है। सबसे ज्यादा परेशानी पश्चिमी मंदिर समूह के निकास द्वार के नज़दीक नंदी तिराहे पर नजर आती है। उक्त तिराहे पर दिन तो ठीक है रात में भी जाम की स्थिति बनी रहती है,और पर्यटक पुलिस नदारत रहती है। पर्यटन नगरी खजुराहो में ट्रैफिक पुलिस के जवान कहीं नजर ही नहीं आ रहे। आए दिन नगर में भारी वाहनों सहित 22 चकों वाले ट्रक भी बेरोकटोक प्रवेश कर जाते हैं जबकि नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी है जिससे न केवल पर्यटकों बल्कि स्थानीय वासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है, जबकि खजुराहो में ट्रैफिक कंट्रोल करने ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था पूर्व से निर्धारित चली आ रही थी,लेकिन न तो कहीं



ट्रैफिक पुलिस के जवान नजर आते हैं और न ही स्थानीय प्रशासन, अथवा पुलिस प्रशासन ध्यान दे रहा है, सबसे ज्यादा दिक्कत प्रत्येक माह की पडने वाली अमावस्या और तीज त्यौहारों के साथ साथ शनिवार तथा रविवार को छुट्टी होने के कारण पर्यटक बड़ी संख्या में अपने वाहनों से खजुराहो आते हैं और इस दौरान ट्रैफिक जाम की स्थिति बन जाती है जिसके कारण यहां आनेवाले देशी-विदेशी पर्यटकों के साथ साथ स्थानीय क्षेत्रवासी भी परेशान हो जाते हैं। मतंगेश्वर मंदिर तिराहे पर बड़ी संख्या में सड़कों पर दुपहिया वाहनों की कतार लग जाती है,जबकि चंद कदम की दूरी पर पर्यटक पुलिस चौकी भी है, अब किसकी जिम्मेवारी मानी जाए। लोग चाहते हैं कि इस समस्या का अविलंब निराकरण होना चाहिए। गौरतलब है कि खजुराहो में अक्टूबर माह से पर्यटन सीजन का पीक शुरू हो गया है।

### इनका कहना-

नगर की सड़कों पर आजू बाजू बेतरतीब से खड़े वाहनों के कारण ट्रैफिक जाम से परेशानी होती है। ये यातायात पुलिस की जिम्मेदारी है। मैं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को अवगत कराउंगा। **बसंत चतुर्वेदी-सी.एम.ओ.खजुराहो**

अभी खजुराहो में यातायात बल की व्यवस्था नहीं है, लेकिन मुझे आपने अवगत कराया है मैं टी.आई.खजुराहो को बोलकर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरूस्त करवाने हेतु प्वाइंटों पर ड्यूटी हेतु व्यवस्था करवाता हूं।

**मनमोहन सिंह बघेल, एसडीओपी, खजुराहो**

## प्योर ईवी पहुँचा छतरपुर, ईवी क्राँति को दी नई रफ्तार

### शोरूम में हाई-परफॉर्मेंस इलेक्ट्रिक व्हीकल्स और प्योरपॉवर उत्पादों की पूरी रेंज उपलब्ध

छतरपुर। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता प्योर ने छतरपुर में अपने नवीनतम शोरूम का भव्य उद्घाटन किया है। यह रणनीतिक विस्तार प्योर के उत्तरी भारत में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने के मिशन में एक महत्वपूर्ण कदम है। छतरपुर, मध्य प्रदेश में रेलवे स्टेशन के पास, पन्ना रोड,




टोयोटा कार शोरूम के बगल में स्थित यह शोरूम प्योर ईवी के सम्पूर्ण इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर रेंज को प्रदर्शित करेगा, जिसमें लोकप्रिय ईप्लूटो 7जी मैक्स और ईट्रिस्ट एक्स मॉडल शामिल हैं। प्योर ईवी छतरपुर के लोगों को एक बेहतरीन और अद्वितीय इलेक्ट्रिक राइडिंग अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।यह शोरूम उद्घाटन प्योर ईवी की आक्रामक विस्तार रणनीति का प्रमाण है, जिसका उद्देश्य भारत भर में अपनी उपस्थिति को तेजी से बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों तक इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को सुलभ बनाना है। स्वदेशी अनुसंधान एवं विकास (आर एंड डी) और निर्माण पर केंद्रित प्योर ईवी नवाचार को बढ़ावा देने और उपभोक्ताओं को सतत विकल्प अपनाने के लिए सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विस्तार प्योर की अगले 30 महीनों में 250 नई डीलरशिप्स खोलने की व्यापक योजना का हिस्सा है, जिससे इसका राष्ट्रीय नेटवर्क 320 से अधिक आउटलेट तक विस्तारित होगा। लंबी दूरी तय करने वाले ईवी की बढ़ती माँग, अनुकूल सरकारी नीतियाँ और सार्वजनिक जागरूकता से प्रेरित संस्थागत और बी2बी अपनाने से यह वृद्धि और तेज़ होगी।

## किसानों को भावांतर योजना से जुड़ी सम्पूर्ण प्रक्रिया में कोई असुविधा न आने दें



### भावांतर योजना में 9.36 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

छतरपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश के किसानों के हित में भावांतर योजना प्रारंभ की गई है, जिसका चहुंओर स्वागत हो रहा है। प्रदेश में तीन गुना से अधिक पंजीयन योजना में हुए हैं। कुल 9.36 लाख किसानों ने पंजीयन करवाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि योजना की संपूर्ण प्रक्रिया में किसानों को कोई असुविधा न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश में किसानों से सोयाबीन खरीदी के लिए लागू की गई भावांतर योजना के संबंध में मुख्यमंत्री निवास में हुई बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि भावांतर योजना में प्रदेश में सात जिले उज्जैन, राजगढ़, शाजापुर, देवास, सीहोर, विदिशा और सागर ऐसे हैं जहां 50-50 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। इसी तरह 21 जिलों से 10-10 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन करवाया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिलों में किसानों को मंडियों और उपमंडियों में सोयाबीन विक्रय के लिए आवश्यक तैयारियां पूर्ण की जाएं। योजना से संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां किसानों को प्रदान की जाएं। इस माह किए गए योजना के प्रचार का ही अच्छा परिणाम है कि बड़ी संख्या में पंजीयन हुए हैं। ई-उपार्जन पोर्टल के माध्यम से किसानों के पंजीकृत बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से भावांतर राशि का भुगतान निर्धारित अवधि में किया जाए, साथ ही भुगतान के संबंध में किसान को एसएमएस के माध्यम से सूचना दी जाए।

### मंडियों में की गईं तकनीकी और मानव संसाधन व्यवस्थाएं

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 24 अक्टूबर से 15 जनवरी 2026 तक सोयाबीन की विक्रय अवधि रहेगी। ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन के बाद मंडी पोर्टल में ई-मंडी पोर्टल पर सभी कार्य इलेक्ट्रानिक माध्यम से किए गए हैं। सभी मंडियों और उप मंडियों में तकनीकी एवं मानव संसाधन की व्यवस्था की गई है। मंडी स्तरीय कर्मचारियों का प्रशिक्षण भी हुआ है। प्रवेश गेट और प्रांगण की सीसीटीवी मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। प्रत्येक मंडी में हेल्प डेक्स भी बनाई गई है। कलेक्टर्स और कमिश्नर्स के साथ ही कृषि सचिव द्वारा बैठकों में भावांतर योजना के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### बहनों ने भाई के ललाट पर लगाया मंगल तिलक

**स्लीमनाबाद।** तहसील मुख्यालय स्लीमनाबाद सहित ग्रामीण अंचलों में गुरुवार को भाई-दूज पर्व परंपरागत ढंग से मनाया गया। बहनों ने भाई के ललाट पर मंगल तिलक लगाकर मिठाई खिलाई और आरती उतारी तो भाईयों ने भी बहन को उपहार प्रदान किए। दीपोत्सव पर्व के अंतिम दिन भाई-दूज मनाने का दौर दिनभर चलता रहा। भाई-दूज पर्व के साथ ही दीपोत्सव का समापन हुआ। भाईदूज के चलते भाईयों का बहनों के यहां पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। धनतेरस से लेकर बुधवार भाई दूज तक कई जगह विभिन्न समाजों के सामूहिक मिलन समारोह हुए। वही स्लीमनाबाद नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में देर रात तक एक-दूसरे के घर जाकर लोगों ने दीपावली की शुभकामनाएं देकर एक-दूसरे का मुंह मीठा किया। नए वस्त्र धारण कर महिलाएं- पुरूष, युवक-युवतियां बधाई व शुभकामना व उपहार, मिठाई भेंट करने के लिए देर रात तक सड़कों पर आते-जाते रहे। दिपावली पर भाईदूज पर्व को लेकर वाट्सअप, फेसबुक सहित अन्य सोशल मीडिया के जरिए भी बधाईयां देने का क्रम जारी रहा।

### जमीन विवाद पर हुई जमकर मारपीट, राड व लाठी से हमला

**कटनी।** जमीनी विवाद को लेकर एक महिला व पुरुष पर हुए हमले से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार निवार चौकी ग्राम क्षेत्र टेढी में बीती 22 अक्टूबर की शाम को विवाद के दौरान महिला फूला बाई और उनके भाई गोविन्द गुनिया एवं परिवार पर आरोपियों राजेश सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह ठाकुर, मनोज ठाकुर, अमेले ठाकुर सहित उनके परिजनों ने मिलकर हमला कर दिया। घायल महिला फूला बाई ने बताया कि उक्त सभी लोग उनके घर में जबरदस्ती घुसने का प्रयास कर रहे थे। जब उन्होंने गेट बंद कर विरोध किया तो आरोपियों ने गेट के बाहर से ईंट-पत्थर फेंककर हमला किया। इसके बाद वे जबरदस्ती घर के अंदर घुस आए और दुकान में रखे रुपये भी छीन लिए। महिला ने बताया कि हमलावरों ने डी.जे. का सामान तोड़फोड़ कर नष्ट कर दिया और लोहे की रॉड व लाठी से हमला कर उन्हें और भाई गोविन्द गुनिया को भी गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही निवार चौकी पुलिस मौके पर पहुँची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहाँ उनका इलाज जारी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### फैशन डिजाइनिंग आधारित स्टार्टअप प्रशिक्षण 30 अक्टूबर से

**कटनी।** मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (मेपकास्ट) द्वारा युवाओं को फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में स्टार्टअप, उद्योग, और स्वरोजगार स्थापित करने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। छह सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अक्टूबर से महिला पॉलीटेक्निक के सहयोग से भोपाल में निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया जाएगा जिससे वे अपने स्टार्टअप को प्रभावी ढंग से शुरू और संचालित कर सकें। प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक जानकारी भी दी जाएगी। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदक की योग्यता विज्ञान या इंजीनियरिंग में स्नातक, पॉलीटेक्निक डिप्लोमा या पीजीडीसीए होना अनिवार्य है। आवेदक की अधिकतम आयु 35 वर्ष निर्धारित की गई है।महिलाओं को आयु में विशेष छूट दी जाएगी। इच्छुक युवक और युवतियां 28 अक्टूबर तक मेपकास्ट की आधिकारिक वेबसाइट www.mpcost.gov.in पर उपलब्ध आवेदन पत्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# शत प्रतिशत निराकरण करायें - कलेक्टर

## सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का तीन दिन तक शिविर लगायें



**रीवा ।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राजस्व अधिकारियों सहित सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि तीन दिन तक शिविर लगाकर सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का शत प्रतिशत निराकरण करायें। कलेक्ट्रेट के बाणसागर सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने गूगल मीट के माध्यम से एसडीएम सहित सभी राजस्व अधिकारियों से शिकायतों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि 50 दिवस से अधिक तथा चालू माह की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करायें। ऐसी कोई भी शिकायत न हो जिसे अटेण्ड न किया गया हो साथ ही शिकायतों के संबंध में प्रतिवेदन अवश्य दर्ज करें। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि हल्कों में आयोजित कैंप में वह स्वयं भी उपस्थित रहें तथा मानीटरिंग करें। शून्य निराकरण करने वाले पटवारियों को नोटिस भी जारी करें। उन्होंने राजस्व न्यायालयों में समय सीमा के बाहर के प्रकरणों में आदेश पारित कर संतुष्टिपूर्वक निराकरण सुनिश्चित करने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने कहा कि राजस्व विभाग सहित जनपद स्तर व नगरीय निकाय एवं विभागीय अधिकारी शिकायतों के निराकरण हेतु शिविर के उपरांत निराकृत प्रकरणों के संबंध में आगामी टी.एल. बैठक में प्रतिवेदन लेकर स्वयं उपस्थित रहें। उन्होंने आरसीएमएस में लंबित प्रकरणों का निराकरण कर एक सप्ताह में प्रगति लाने के निर्देश दिये। कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में सीईओ जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। वीसी के माध्यम से राजस्व अधिकारी, सीएमओ तथा जनपद के सीईओ भी जुड़े रहे।

# मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कार्बाइड गन से पीड़ितों का उपचार करने के दिए निर्देश



**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कमिश्नर तथा कलेक्टर्स को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्बाइड गन से पीड़ितों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्बाइड गन का उपयोग करते समय घायल हुए पीड़ितों को समुचित उपचार की सुविधा दें। उन्हें आवश्यक जाँच और दवाएं उपलब्ध कराएं। यदि आवश्यक हो तो गंभीर रोगी को एयर एंबुलेंस की सहायता से बड़े अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ कार्बाइड गन की बिना लाइसेंस के बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। इसके विक्रय और भण्डारण पर प्रतिबंध लगाएं। त्यौहारों और विवाह समारोहों में भी कार्बाइड गन का उपयोग प्रतिबंधित करें। विस्फोटक बिक्री के लाइसेंस धारकों की दुकानों और गोदाम का निरीक्षण करके अवैध रूप से भण्डारित कार्बाइड गन तथा अन्य विस्फोटकों के पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय तथा संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी बैठक में शामिल हुईं।

# समर्थन मूल्य पर कोदो के उपार्जन के लिए पंजीयन की तिथि बढ़ी, अब 31 अक्टूबर तक होगा किसानों का पंजीयन

रीवा ।

शासन द्वारा श्री अन्न का उत्पादन बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत खरीफ फसल 2025-26 में रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना के तहत समर्थन मूल्य पर कोदो और कुटकी का उपार्जन किया जाएगा। किसान इसके लिए ई उपार्जन पोर्टल पर अब 31 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। पूर्व में पंजीयन के लिए अंतिम तिथि 24 अक्टूबर निर्धारित की गई थी जिसे बढ़ाकर अब 31 अक्टूबर कर दिया गया है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि जिले में किसानों के पंजीयन के लिए 21 सेवा सहकारी समितियों में 21 उपार्जन केन्द्र बनाये गये हैं।

कोदो के उपार्जन के लिए तहसील गुढ़ में गुढ़, तहसील जवा में भुनगांव और डभौरा, तहसील त्योंथर में सोहरवा तथा कटरा और तहसील सिरमौर में बैकुंठपुर व सिरमौर को खरीदी केन्द्र बनाया गया है। तहसील सेमरिया में भमरा, सेमरिया एवं बीड़ा, तहसील मनगवां में गढ़, गंगेव, बांस, मनगवां एवं कंदैला को केन्द्र बनाया गया है। तहसील रायपुर कर्चुलियान में व्यौहरा तथा रायपुर कर्चुलियान एवं तहसील हुजूर में बहुरीबांध, कृषि उपज मण्डी करहिया, गोविंदगढ़ तथा बांसा में खरीदी केन्द्र बनाए गए हैं।

# खड्डा ग्राम पंचायत में सीईओ जिला पंचायत ने किया माँ की बगिया का निरीक्षण

रीवा ।



जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने को जनपद पंचायत सिरमौर की ग्राम पंचायत खड्डा में 'माँ की बगिया' योजना के तहत चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने हितग्राहियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि वे लगन से कार्य कर रहे हैं, जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणा है। निरीक्षण के दौरान उनके साथ जनपद पंचायत सिरमौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एपीओ मनरेगा, सरपंच, ग्राम रोजगार सहायक और 'माँ की बगिया' की हितग्राही श्रीमती रामप्यारी सिंह एवं श्रीमती संगीता सिंह भी उपस्थित थीं। सीईओ गुर्जर ने श्रीमती रामप्यारी सिंह की 'माँ की बगिया' में की जा रही गतिविधियों को देखकर विशेष प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बगिया में लगे पपीते, विभिन्न साग-सब्जियों और मौसमी फसलों का अवलोकन किया। उन्होंने श्रीमती रामप्यारी सिंह की मेहनत की तारीफ करते हुए कहा कि ऐसी लगन से किया गया कार्य अन्य हितग्राहियों के लिए प्रेरणास्रोत है। सीईओ ने यह भी देखा कि रामप्यारी सिंह स्वयं अपनी बगिया की बाउंड्री के पिलर निर्माण का कार्य कर रही हैं। इस पर उन्होंने संतोष जताया और कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात श्री गुर्जर ने संगीता सिंह की 'माँ की बगिया' का भी निरीक्षण किया, जहाँ उन्होंने कार्य को संतोषजनक पाया और उन्हें भी समय पर कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।

# पीवीसी पाइप में विस्फोटक भरकर ध्वनि उत्पन्न करने वाले पटाखे (कार्बाइड गन) पर प्रतिबंध

रीवा ।

*कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल ने जिले में लोहा स्टील एवं पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण भण्डारण एवं क्रय विक्रय प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अन्तर्गत प्रदत्तशक्तियों का उपयोग करते हुए लोकहित में आदेश जारी कर जिले में इसकी विक्री, वितरण या प्रदर्शन पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। उन्होंने एसडीएम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारियों सहित संबंधित विभाग को इस आदेश का सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने आदेश में कहा है कि यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। सर्वसाधारण को इस आदेश की सूचना समाचार पत्रों, इलेक्ट्रानिक मीडिया तथा रीवा जिले के आयुक्त, नगर पालिक निगम, समस्त अनुविभागीय दण्डाधिकारियों/कार्यपालिक दण्डाधिकारियों/समस्त थानों, समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं समस्त जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर प्रदर्शित की जावे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावशील हो गया है।*

# एपीएस यूनिवर्सिटी में पीएचडी प्रवेश परीक्षा परिणाम में नियमों की उड़ी धज्जियां

## करीबियों को कर दिया पास रिवाइज में दोगुने से ज्यादा बढ़े अंक

रीवा ।




विश्वविद्यालय में योग्यता नहीं, बल्कि संबंध और पद हो चयन का पैमाना बन गया है। आरोप है कि कुलगुरू और शारीरिक शिक्षा विभाग के डायरेक्टर की मिलीभगत से पीएचडी चयन परीक्षा परिणाम में व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी गई है। उल्लेखनीय है कि पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम 30 सितंबर को नारी किया गया था। जिसमें सभी छात्रों को फेल कर दिया गया था। जिसके बाद छात्र संगठनों ने इसका विरोध किया और रिवाईज की मांग की। तत्पश्चात विश्वविद्यालय प्रबंधन ने केवल शारीरिक शिक्षा विभाग का परिणाम ही रिवाईज किया गया। इसमें व्यापक पैमाने पर गड़बड़ी गई और करीबियों का अंक बढ़ा कर उन्हें पास कर दिया गया। बताया गया कि 17 अक्टूबर 2025 को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर शारीरिक शिक्षा विभाग का संशोभित परीक्षा परिणाम जारी किया गया। जिसमे सिर्फ. सीओएनएफ/2025 अंकित किया न विस्दे नंबर, न परीक्षा समिति की स्वीकृति। असल में यह पूरा खेल कुलगुरु एवं शारीरिक शिक्षा विभाग डायरेक्टर डॉ. राम भूसन मिश्रा की योजना के तहत रचा गया। जिन पर अपने भतीजे विकल्प मिश्रा, सहकर्मी कोच विपिन कुमार वर्मा और मित्र जयराम सिंह को लाभ पहुंचाने का गंभीर आरोप है। पहले परिणाम में सभी 33 विद्यार्थी असफल घोषित किए गए थे। लेकिन मात्र 17 दिन में संशोधित परिणाम लाकर कुछ चुनिंदा व्यक्तियों के अंक दो गुने से तीन गुने तक बढ़ा दिए गए।एक ही विषय का परिणाम बदलासबसे बड़ा सवाल यह है कि स्व सिर्फ शारीरिक शिक्षा विभाग का परिणामया? अ अन्य विभागों के छात्रों की मांग के बावजूद कॉपियों का पुनर्मूल्यांकन नहीं किया गया? क्या कारण है कि काफ़ी प्रकिया जो सामान्यतः सील बंद होती है, इतनी शीघ्रता से रेवदज की गई। यह सब संकेत करता है कि यह कार्यवाही पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत की गई।यह है नियमअध्यादेश 11 की धारा 9 (अ) में स्पष्ट प्रावधान है कि प्रश्नपत्र का निर्माण केवल विश्वविद्यालय द्वारा गठित परीक्षा समिति द्वारा दिए गए पैनल के माध्यम से ही किया जाएगा। लेकिन यहां ऐसा ना कर कुलगुरु द्वारा मनमानी परीक्षक नियुक्त कर दिए गए जिससे अध्यादेश 11 का खुला उल्लंघन हुआ है। साथ ही म.प्र. विश्वविद्यालय अधिनियम की धारा 44 के अनुसार पैनल से परीक्षकों की नियुक्ति किए जाने का प्रावधान है किंतु कुलगुरु द्वारा उस अधिनियम की परवाह नहीं किया गया।

# आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान अन्तर्गत कार्यशाला संपन्न



**रीवा।** वित्तीय क्षेत्र में अनक्लेम्ड एसेट्स के कुशल एवं त्वरित निपटान को सुगम बनाने के उद्देश्य से आपकी पूंजी आपका अधिकार अभियान अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, यूनियन बैंक के महाप्रबंधक तथा बैंकर्स उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के वित्त सेवा विभाग द्वारा 31 दिसंबर तक बैंकों में जागरूकता शिविर आयोजित किये जा रहे हैं जिसके माध्यम से गत दस वर्ष में जिन खातों में कोई लेन देन नहीं हुआ उनकी राशि रिजर्व बैंक में भेज दी गई है। रिजर्व बैंक द्वारा उपरोक्त राशि को संबंधित बैंकों को भेजकर निर्देश दिये गये हैं कि पहचान कर संबंधित खातेदार को राशि को वापस किया जाय। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बैंकर्स से कहा कि ऐसे ग्रामीण खाताधारकों की सूची उपलब्ध करायें ताकि ग्राम सभा में वाचन कराकर उनकी पहचान के उपरांत राशि वापस किये जाने की कार्यवाही की जाय। इसी क्रम में शासकीय विभागों के खातों की भी सूची प्रस्तुत करने की बात कलेक्टर द्वारा कही गई। क्षेत्रीय प्रबंधक अजय खरे ने बताया कि रीवा जिले के यूनियन बैंक शाखाओं में 51 करोड़ रूपये की राशि सहित अन्य बैंकों में भी जमा अनक्लेम्ड राशि को संबंधित खातेदार की पहचान के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि वह उनके खातों में वापस की जा सके। अग्रणी जिला प्रबंधक जगमोहन ने बताया कि अनक्लेम्ड जमा राशि, अनक्लेम्ड बीमा दावे, अनक्लेम्ड डिविडेंड, अनक्लेम्ड शेयर एवं म्यूचुअल फण्ड से संबंधित दावे प्राप्त करने के लिए निवेशकों को आवश्यक सहयोग और सहायता दी जाएगी। इसके लिए शिविर में पृथक-पृथक काउंटर उपलब्ध रहेंगे। अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक ने कहा कि आमजनता शिविर का लाभ उठाकर अपनी अनक्लेम्ड राशि वापस ले सकते हैं।

# 17 जुआरी गिरफ्तार, 42 हजार नकदी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अलग अलग स्थानों में सज जुआफड़ों में पुलिस ने दबिश देकर जुआरियों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर बरही पुलिस ने दो जुआफड़ों में दबिश देकर 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया। जुआरियों से 42,010/- रुपए नगद, 09 टच स्क्रीन मोबाइल एवं तीन मोटर साइकिल भी जब्त की गई है। यह कार्रवाई एसपी अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन, एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन, एसडीओपी विजयराघवगढ़ वीरेंद्र धार्वे के नेतृत्व में की गई।

थाना प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अवैध गतिविधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को बरही थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पिपरियाकला में अवैध रूप से जुआ खेल रहे 09 जुआरियों से कुल जुमला रकम 5,510/– एवम तीन मोटर साइकिल कीमती करीबन 200,000/– रुपएएवम 04 टच स्क्रीन मोबाइल फोन कीमती करीबन 50,000/– रुपए कुल मशरूका 255510/–रुपए एवं ग्राम छीदिया टोला में अवैध रूप से जुआ खेल रहे 08 जुआरियों से कुल जुमला रकम 36,500/– एवं 05 नग मोबाइल फोन कीमती करीबन 50,000 रुपए कुल मशरूका 86,500 /– रूपए मुखबिर की सूचना पर से बरही पुलिस ने दो टीम बनाकर छापेमारी कर 17 जुआरियों से 3,42,010 का मसरुका जप्त किया गया है।

कार्रवाई में एसआई शैलेंद्र सिंह सेंगर, सउनि दिनेश सिंह बघेल, आरक्षक विवेक श्रीवास्तव, आर जगत सिंह, वाहन चालक संजय पांडे की भूमिका रही।

# नरवाई प्रबंधन के संबंध में किसानों को जागरूक किया गया

रीवा ।



पर्यावरण प्रदूषण पर नियंत्रण तथा मिट्टी की उर्वरता के संरक्षण के उद्देश्य से नरवाई जलाने पर जिले में प्रतिबंध लगाया गया है। कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देश पर किसानों को खरीफ फसलों की कटाई के बाद खेतों में आग न लगाने की सलाह दी गई। उप संचालक कृषि कल्याण यूपी बागरी ने जानकारी दी की ग्राम इटमा, लोही, माडौ तथा देवास में नरवाई प्रबंधन कार्यक्रम अन्तर्गत किसानों को जागरूक किया गया। किसानों को बताया गया कि हार्वेस्टर के माध्यम से फसल की कटाई करने पर उसमें स्ट्रारीपर लगाना अनिवार्य है। जिन हार्वेस्टरों में अवशेष प्रबंधन सिस्टम नहीं होगा उन्हें फसल कटाने की अनुमति नहीं दी जायेगी। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि खेतों में नरवाई जलाने से मिट्टी के कई लाभदायक सूक्ष्म जीव एवं जैविक कार्बन जलकर नष्ट हो जाते हैं और मिट्टी कठोर हो जाती है। साथ ही इसकी जलधरण क्षमता भी घटती है। किसान भाईयों को सलाह दी गई कि नरवाई जलाने के स्थान पर फसल के अवशेष को एकत्रित कर पशुओं को भोजन के रूप में उपयोग करें। फसल अवशेष का उपयोग कम्प्रेस्ड नेचुरल गैस बनाने में भी किया जाता है। जिससे किसानों को अतिरिक्त राशि प्राप्त होगी। किसान यदि धान के बाद अन्य कोई फसल लेना चाहता है तो हैप्पी सीडर और सुपर सीडर से फसल की बोनी करे। इससे नरवाई मिट्टी में मिलकर खाद के रूप में फसल के लिए पोषण का कार्य करेगी। नरवाई को बेलर, रैकर एवं चापर मशीन की सहायता से बंडल बनाकर औद्योगिक ईधन के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। कार्यक्रमों में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने की सलाह भी दी गई। साथ ही कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं से भी परचित कराया गया। इस दौरान ग्राम पंचायतों के किसान भाई तथा कृषि विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।